Regarding Need to establish Rail Wagon Repair Workshop in Keonjhar Parliamentary Constituency, Odisha.-laid

श्री अनन्त नायक **(क्योंझर) :** क्योंझार, जिला ओडिशा का एक प्रमुख खनिज उत्पादक क्षेत्र है, जो राज्य के कुल खनिज उत्पादन का लगभग 28 प्रतिशत योगदान देता है। रेल डिब्बों (वैगन) की कमी यहाँ एक बड़ी समस्या है। खनिजों की भारी मांग के बावजूद समय पर वैगन उपलब्ध नहीं हो पाते, जिससे खनिज लदान और बाहर भेजने में देरी होती है। क्योंझार में मौजूद खनिज सम्पदा के समुचित उपयोग और प्रबंधन के लिए यहाँ एक रेल वैगन रिपेयरिंग फैक्ट्री स्थापित किए जाने की आवशयकता है ताकि यहाँ से निकलने वाले खनिजों का समय पर लदान कर बाहर भेजा जा सके और वैगनों की कमी के कारण होने वाले नुकसान से बचा जा सके I इसके अतरिक्त क्योंझार में रेल वैगन रिपेयरिंग फैक्ट्री स्थापित किए जाने से स्थानीय जनजाति के युवाओं को घर पर ही रोजगार मिलेगा और पलायन रुकेगा तथा स्थानीय लोगों और युवाओं का रेत विभाग और केंद्र सरकार के प्रति विश्वास भी बढेगा I अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र क्योंझार में एक रेल वैगन रिपेयरिंग फैक्ट्री की स्थापना की जाए जिससे इस क्षेत्र के आर्थिक विकास के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न हों।